92.7 big fm
suno sunao, life banao!

92.7 बिग एफएम दिल्ली ने अपना मजेदार भुख्यमंत्री वीडियो एंथम जारी किया इसमें शहर के खान-पान के तौर-तरीकों को बड़ी ही खूबसूरती से समेटा गया है

दिल्ली, 1 नवंबर, 2018: बेहतरीन संगीत और अपने शानदार कंटेंट के लिये मशहूर **भारत के सबसे बड़े रेडियो नेटवर्क्स में से एक 92.7 बिग एफएम** ने अपना 'भुख्यमंत्री' एंथम- 'आया रे आया रे' जारी किया है। इस एंथम में शहर के समृद्ध खान-पान के तौर-तरीकों को एक मनोरंजन रूप में दिखाया गया है। इस वीडियो एंथम में बिग एमजे खुराफ़ाती निति□□न ने फूड से संबंधित सारी चीजों के प्रधानमंत्री का अवतार धार किया है। इस मनोरंजक वीडियो में बेहद चहेते एमजे ढेर सारे फूडीज़ के साथ एक रैली का नेतृत्व करते हुए नज़र आते हैं। मस्ती भरे इस एंथम को आज ऑन-एअर और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित किया जायेगा।

खुद एक बहुत बड़े फूडी होने के कारण एमजे नितिन ना केवल पूरे शहर में फूड को लेकर श्रोताओं की समस्याओं को सुन रहे हैं, बल्कि एक 'भुख्यमंत्री' होने के नाते समाधान भी दे रहे हैं और खानपान की समस्या के उपाय भी बता रहे हैं। इसके अलावा, वह अपनी टीम के साथ कई सारी जगहों पर भी जा रहे हैं, जो अपने खाने-पीने के लिये मशहूर है। उनकी टीम में खाने-पीने के शौकीन शामिल हैं। साथ ही इसमें पूरे शो के दौरान ऑन-एअर 'भुख्यमंत्री' के कई मजेदार सेगमेंट हैं, जहां वह सेलिब्रिटी गेस्ट और फैन्स के साथ बड़े ही मजेदार ढंग से बातें कर रहे हैं।

इस एंथम के बारे में अपनी बात रखते हुए, एमजे नितिन ने कहा, "अपने फैन्स से इस खूबसूरत एंथम के जरिये जो प्यार और सपोर्ट मुझे मिला है, उसके लिये मैं उनका आभारी हूं। इस वीडियो एंथम का हिस्सा बनकर वाकई बहुत मजा आया। इस पूरी पहल ने मुझे अपने दूसरे पहलू को दिखाने का मौका दिया, वरना उसे लोग देख नहीं पाते। मैंने लोगों से कई सारे किस्से सुने हैं कि उन्हें खाने-पीने की कई सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। मैं उम्मीद करता हूं कि फूड और संगीत के माध्यम से खुशियां बिखरेने के साथ-साथ उन्हें क्रिएटिव सुझाव दे पाऊंगा।"

इस पहल को अपना सपोर्ट देने वाले कुछ सेलिब्रिटीज़ में शामिल हैं, आयुष शर्मा, वारीना हुसैन, मानुषी चिल्लर, शरमन जोशी।

https://www.facebook.com/delhi92.7bigfm/videos/vb.882824071850764/362925024450577/?type=2&theater